तिरुविझा जयशंकर

अकादेमी पुरस्कारः कर्नाटक वाद्ययंत्र संगीत (नागस्वरम)

श्री जयशंकर का जन्म 31 जनवरी 1937 को केरल के अलेप्पी जिले के थिरूविज़ा गाँव में हुआ था। श्री जयशंकर ने नागस्वरम वादन अपने पिता थिरूविज़ा राघव पणिक्कर, जिन्होंने कोट्टयम् में थिरूनक्कारा मंदिर में विद्वान के रूप में नियमित सेवा प्रदान की थी, से सीखा था। श्री जयशंकर ने नागस्वरम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई जारी रखी, 1962 में चित्तूर में संगीत तथा दर्शनशास्त्र के साथ बी.ए. की डिग्री प्राप्त की। आपने वर्ष 1965 में स्टाफ कलाकार के रूप में आकाशवाणी, तिरूवनंतपुरम में कार्यग्रहण किया था।

कायमकुलम के निकट पाथियूर देवी मंदिर में पन्द्रह वर्ष की आयु में शुरू हुए लम्बे करियर में, जयशंकर ने अपने को एक अग्रणी नागस्वरम कलाकार के रूप में स्थापित किया। आपने दक्षिण भारत के सभी महत्वपूर्ण मंदिरों में नागस्वरम वादन किया है, और पालानी, तिरूपति, तथा त्रिचेन्दुर मंदिरों में नियमित रूप से प्रस्तुति देते रहे हैं। परंपरागत समारोह–स्थलों के बाहर, आपने भारत तथा विदेश में प्रमुख संगीत उत्सवों जैसे फ्रांस में भारत का उत्सव (1985) और रेडियो संगीत सम्मेलन के कई संस्करणों में प्रस्तुति दी है। दिसम्बर में संगीत मौसम के दौरान चेन्नई में नियमित रूप से प्रस्तुति देते हैं। रेडियो तथा टेलीविज़न चैनलों पर उत्सवों के अलावा, आप संगीत में विश्वविद्यालय शिक्षा में शामिल रहे हैं, और कई शिक्षण संस्थानों से जुड़े हैं। आपने सम्पूर्ण दक्षिण भारत के कॉलेजों में व्याख्यान दिया है और पेपर प्रस्तुत किए है, तथा नागस्वरम पर *नागास्वर पातानम* नाम से पुस्तक प्रकाशित की है। आपके कई रिकॉर्डिंग्स भी प्रसारित हुए।

एक विद्यार्थी के रूप में, श्री जयशंकर ने आकाशवाणी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में वायु वाद्ययंत्रों के लिए गोल्ड मैडल जीता था। संगीत मे उनकी कई वर्षों की सेवा के लिए, उन्हें केरल संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार (1982) और उस अकादेमी का फैलोशिप (2000) दिया गया है।

श्री तिरूविज़ा जयशंकर को कर्नाटक वाद्ययंत्र संगीत में योगदान के लिए संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।